प्रेषकः—

अनिल कुमार XI,
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
सहारनपुर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय,
सहारनपुर।

विषय-- चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरणपत्र प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

आदरणीय महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि सेवा में आने के समय धारित सम्पत्ति व उसके पश्चात् वित्तीय वर्ष 2009–2010 लगायत 2012–2013 के चल एवं अचल सम्पत्तियों का पूर्ण विवरणपत्र पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है। जिसकी प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है।

वित्तीय वर्ष 2013–2014 लगायत वित्तीय वर्ष 2020–2021 का पूर्ण विवरण पोर्टल पर प्रेषित किया जा रहा है। विगत दो वर्ष से कोरोना कोविड महामारी के व्याप्त रहने व उससे पूर्व व वर्तमान में न्यायिक कार्यों में अत्यधिक व्यस्तता के कारण विवरणपत्र समय से प्रेषित नहीं किये जा सके हैं, जिसके लिए प्रार्थी क्षमाप्रार्थी है। भविष्य में सम्पत्ति का विवरणपत्र समय से प्रेषित किया जायेगा। विवरणपत्र प्रेषित किये जाते समय हुए विलम्ब को क्षमा करने की कृपा करें। प्रार्थी जीवनपर्यन्त आभारी रहेगा।

आदर सहित।

दिनांक 24.12.2021

भवदीय,

24/12/2021

(अनिल कुमार XI)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
सहारनपुर।